Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to include Kota (Rajasthan) In UDAAN Scheme.

श्री ओम बिरला (कोटा): अध्यक्ष महोदया, हमारे देश का आम आदमी हवाई सेवाओं का लाभ ले सके, इसके लिए श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2015-16 में उड़ान योजना नीति लागू की थी। प्रधान मंत्री जी ने जो सपना देखा था, उसके तहत आज देश का आम नागरिक भी हवाई सवाओं का लाभ ले रहा है। राजस्थान सरकार ने भी इंटर स्टेट हवाई सवाएं शुरू की हैं, जिसमें कोटा, जयपुर, दिल्ली, उदयपुर, किशनगंज आदि जगहें शामिल हैं। मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से आग्रह है कि राजस्थान सरकार की इंटर कनेक्टेड सेवाओं को भी उड़ान योजना के तहत स्वीकार कर लिया जाए, ताकि उड़ान योजना का सारा लाभ राज्य सरकार को भी मिल सके और कोटा से दिल्ली, कोटा से जयपुर और किशनगंज से दिल्ली की हवाई सेवाओं का लाभ राज्य की आम जनता को मिल सके।

महोदया, कोटा में दो लाख विद्यार्थी पढ़ते हैं। मेरा भारत सरकार से आग्रह है कि एक नया एयरपोर्ट बनाया जाए, ताकि इन दो लाख विद्यार्थियों के परिवारों को भी इसका लाभ मिल सके और सिंग्ल इंजन को उड़ान योजना में शामिल किया जाए, ताकि हम दूसरे राज्यों के साथ भी कनेक्टिविटी बेहतर कर सकें।

माननीय अध्यक्ष :

श्री शरद त्रिपाठी,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल,

डॉ. कुलमणि सामल और

श्री सी.पी. जोशी को श्री ओम बिरला द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।